# राज्यपाल ने जैविक कृषि अनुसंधान केन्द्र का अवलोकन किया

**कोटा,** (निसं)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को कैथून रोड़ स्थित जाखोड़ा में श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा दिए जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केन्द्र द्वारा जैविक खेती को नए आयाम दिए जा रहे हैं।

बिना रसायनों के प्रयोग के जैविक खाद के माध्यम से फसलों का दुगुना और तिगुना उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। मिश्र ने कहा कि लैब के माध्यम से उन कीड़ों को संरक्षित किया

■ 'जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता'

जा रहा है जो फसलों के लिए उपयोगी हैं। उन्होंने किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिए जाने के प्रयासों की भी सराहना की और कहा कि केन्द्र द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण किसानों के लिए लाभकारी होगा। राज्यपाल ने केन्द्र के निदेशक ताराचन्द गोयल द्वारा पारम्परिक फसलों के साथ-साथ आधुनिक फसल उत्पादन के लिए किए जा रहे प्रयोगों को सराहा और कहा कि अन्य लोग भी प्रेरणा लेकर जैविक खेती को अपनाएं। श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक ताराचन्द गोयल ने बताया कि इस केन्द्र के माध्यम से अभी तक 13 हजार किसानों को जैविक खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र द्वारा ड्रोन से स्प्रे, ड्रिप इरिगेशन एवं ग्रीन हाउस तथा परीक्षण प्रयोगशाला जैसे प्रयोग कर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कोटा में श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र का राज्यपाल ने अवलोकन किया।

# कोटा-असारवा-दानापुर स्पेशल पांच अति. कोच के साथ संचालित होगी

**कोटा,** (निसं)। यात्रियों की भीड़ एवं प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने कोटा-असारवा और कोटा-दानापुर के बीच चलने वाली ट्रेनों में पांच अतिरिक्त कोच, कोटा-सिरसा एक्सप्रेस की दो ट्रेनों एवं वाया कोटा अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस के कोच कम्पोजीशन में बदलाव स्थाई रूप से किया गया है।

गाडी संख्या 19821/19822 कोटा-असारवा-कोटा एक्सप्रेस, कोटा से दिनांक 12 जुलाई से एवं असारवा से दिनांक 13 जुलाई से पांच अतिरिक्त कोच 02 सामान्य, 1 थर्ड एसी, 1 सेकेण्ड एसी, एवं 1 फस्ट कम सेकेण्ड एसी सहित कुल 22 कोच के साथ चलेगी। गाड़ी संख्या 09817/09814 कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल, कोटा से दिनांक 13 जुलाई से एवं दानापुर से दिनांक 14 जुलाई से पांच अतिरिक्त कोच जिसमे 02 सामान्य, 1 थर्ड एसी, 1 सेकेण्ड एसी, एवं 1 फस्ट कम सेकेण्ड एसी सहित कुल 22 कोच के साथ चलेगी। गाड़ी संख्या 19813/09814 कोटा-सिरसा-कोटा एक्सप्रेस में कोटा से दिनांक 07 नवम्बर से एवं सिरसा से दिनांक 08 नवम्बर से तीन स्लीपर कोच स्थान पर 1 सामान्य, 1 थर्ड एसी एवं 1 सेकेण्ड एसी कोचों का बदलाव किया गया है। गाड़ी संख्या 19807/09808 कोटा-सिरसा-कोटा एक्सप्रेस में कोटा से दिनांक 08 नवम्बर से एवं सिरसा से दिनांक 09 नवम्बर से तीन स्लीपर कोच स्थान पर 1 सामान्य, 1 थर्ड एसी एवं 1 सेकेण्ड एसी कोचों का बदलाव किया गया है। गाड़ी संख्या 12181/12182 अजमेर-जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस में जबलपुर से दिनांक 08 नवम्बर से एवं अजमेर से दिनांक 09 नवम्बर से 1 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनामी एवं 1 जनरेटरकार के स्थान पर 2 स्लीपर, 1 सामान्य एवं दिव्यांग द्वितीय श्रेणी कोचों का बदलाव किया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय ने बताया कि यह निर्णय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन में लगे अतिरिक्त/ कोच बदलाव की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

## इस माह से त्योहारों की धूम शुरू होगी

**छबड़ा** (निसं) इस माह से त्योहार की शुरुआत हो जाएगी। मानसून के दौर में तीज-त्योहार का सिलसिला शुरु हो जाएगा। देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक चातुर्मास में कई त्योहार आएंगे। इसमें धर्म की बयार बहेगी। जैन समाज से लेकर अलग-अलग समाजों के भी धार्मिक कार्यक्रम आएंगे तो सावन में भगवान शिव की भक्ति का दौर भी शुरू होगा। अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से इस बार पिछले साल की तुलना में रक्षाबंधन, नवरात्रि, दशहरा, दीपावली सहित चातुर्मास के अन्य पर्व 10 दिन से एक पखवाड़ा पहले आएंगे। पंचाग के अनुसार त्योहार की गणना हिंदी पंचांग के हिसाब से की जाती है। इसके लिए हिंदी का माह और तिथि निर्धारित है। हिंदी पंचांग के अनुसार इस तिथि पर यह त्योहार आते हैं लेकिन अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार आगे-पीछे इसलिए हो जाते हैं कि हिंदी कैलेंडर में हर तीसरे साल अधिक मास होता है। ऐसे में एक माह की अवधि बढ़ जाती है। इसके चलते अंग्रेजी कैलेंडर की गणना के हिसाब से त्योहार आगे-पीछे होते हैं और उनका क्रम बदलता है। वर्ष 2023 में अधिक मास था। इस बार त्योहार में अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से 10-15 दिनों का अंतर दिखाई देगा।

# रामगंजमंडी ग्रेन एण्ड मर्चेन्ट एसोसिएशन के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन आज

**रामगंजमंडी** (निसं)। ग्रेन एण्ड मर्चेन्ट एसोसिएशन रामगंजमंडी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 11 जुलाई गुरुवार को होगा। उक्त जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश धाकड़ व सहसचिव योगेश गुप्ता दलाल ने बताया कि एसोसिएशन के मण्डी यार्ड में ही नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 11 जुलाई गुरुवार को दोपहर तीन बजे परम् पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य प्रातः स्मरणीय श्री ज्ञानानन्द जी भानपुरा पीठ के करकमलों से किया जायेगा।

इस भव्य कार्यक्रम से पूर्व 10 जुलाई बुधवार को प्रातः सात बजे अखण्ड रामायण पाठ व शाम को सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। वहीं रामायण पाठ की पूर्णाहुति 11 जुलाई गुरुवार को प्रातः 11 बजे हवन शांति के साथ होगी। तत्पश्चात परम् पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य जी के करकमलों से शानदार नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन होगा।ज्ञात रहे कि एसोसिएशन को यह एक बड़ी उपलब्धि अपने दूसरे कार्यकाल के चलते अध्यक्ष मुकेश धाकड़ के अथक प्रयासों से प्राप्त हुई है। जिसका निर्माण भूमि पूजन के साथ माह नवम्बर 2022 में शुरू हुआ था,जो बीस माह में बनकर पूर्ण हुआ है।जिसकी साइज चार हजार वर्ग फिट व अनुमानित लागत डेढ़ करोड़ रुपए है। अब एसोसिएशन के स्वयं का भवन बन जाने से व्यापारियों को मीटिंगों व अन्य आयोजनों के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही जिन्सें खरीदने हेतु आने वाले बाहरी व्यापारी मेहमानों को भी एक निर्धारित दर पर ठहरने की उत्तम सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

रामगंजमंडी ग्रेन एण्ड मर्चेन्ट एसोसिएशन का नवनिर्मित भवन।

# विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल की बजट में अनदेखी, कैसे पर्यटन विकास होगा : धारीवाल

**कोटा,** (निसं)। डबल इंजन का दम भरने वाली राजस्थान सरकार का पहला बजट पूरी तरह से फेल नजर आया बजट में युवाओं किसान व्यापारी मध्यम वर्ग हर वर्ग को निराशा हाथ लगी है।

पूर्व मंत्री कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार के 6 महीने के कार्यकाल का जनता ने लोकसभा चुनाव में करारा जवाब दे दिया इसके बावजूद भी राजस्थान की सरकार ने बिना विजन के ही बजट को पेश करके एक बार फिर प्रदेश की जनता को निराश करने का काम किया है। बजट में राजस्थान के विकास को लेकर कोई विजन नजर नहीं आया कांग्रेस सरकार की योजनाओं को तोड़ मरोड़ कर बजट में पेश करने और बुनियादी कामों के लिए भी बजट में लंबा चौड़ा बखान करने का काम किया गया जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने शिक्षा चिकित्सा इंफ्रास्ट्रक्चर को एक विजन के साथ स्थापित कर राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने का काम किया था।

पर्यटन विकास के दावे और विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों की अनदेखी-पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में पर्यटन विकास को लेकर किए गए दावों पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि बजट में पर्यटन विकास के बड़े-बड़े दावे किए गए लेकिन कोटा में विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल चंबल रिवर फ्रंट की राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी के चलते अनदेखी लगातार की जा रही है हम उम्मीद कर रहे थे कि पर्यटन विकास के बारे में जब सरकार बजट पेश करेगी तो चंबल रिवर फ्रंट के दूसरे फेज ग्रीन फील्ड रिवर फ्रंट के बारे में भी कुछ घोषणा की जाएगी लेकिन बजट में सिर्फ पर्यटन विकास की हवा हवाई घोषणाएं की गई जो धरातल पर खोखली साबित होने वाली है।

कोटा से दो मंत्री लेकिन बजट में कुछ नहीं मिला-पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने बजट में कोटा को लेकर भी भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कोटा से दो-दो मंत्री सरकार में है ना तो शिक्षा के क्षेत्र में कुछ बड़ा कोटा को दिलवा पाए ना ही ऊर्जा एनर्जी के क्षेत्र में कोई प्रोजेक्ट की घोषणा की गई कोटा की जनता को उम्मीद थी कि सरकार के दो मंत्री कोटा के लिए बड़े प्रोजेक्ट्स लेकर आएंगे जिनकी घोषणा बजट में होगी लेकिन कोटा वासियों को निराशा ही हाथ लगी।

कांग्रेस सरकार में हुए थे 6000 करोड़ के विकास कार्य अब बजट में 6 करोड़ भी नहीं मिले-कोटा को कोचिंग नगरी के साथ पर्यटन नगरी बनाने और विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित कर शहर वासियों और पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पिछली कांग्रेस सरकार में 6000 करोड़ के विकास कार्य करवाए गए थे पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि हमने विजन के साथ कोटा में विकास के कार्य करवाए पर्यटन के क्षेत्र में विशेष स्तरीय प्रोजेक्ट स्थापित किया लेकिन सरकार बदलते ही पर्यटन स्थलों की अनदेखी तो हो ही रही है बजट में भी कोटा के हिस्से कुछ नहीं आया यह जनता के साथ विश्वासघात है।

# किसान प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नहर के गेट खोले

**कोटा,** (निसं)। किसानों के लंबे संघर्ष और व्यापक एकता के बाद आज चंबल की बाई मुख्य नहर में पानी प्रवाहित किया गया किसान प्रतिनिधियों के उपस्थिति में नहरों के गेट खोले गए।

इस अवसर पर युवा किसान नेता गिर्राज गौतम ने कहा कि नहर का पानी किसानों के लिए अमृत से कम नहीं है क्षेत्र के किसानों ने अपने खेतों में धान की फसल लगा दी है समय पर पर्याप्त बारिश नही होने के कारण किसानों के सामने फसल बचाने का संकट पैदा हो गया था क्योंकि किसानो के संसाधन बोरिंग भी हवा फेकने लग गए थे ऐसे में किसान पिछले 3 महीनो से संघर्ष कर रहे थे। गौतम ने कहा की ये किसानों के संघर्ष की जीत हे साथ ही उन्होंने सीएडी प्रशासन और सहयोग करने वाले जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया पिछले वर्ष भी जुलाई माह में किसानों को नहरी पानी की आवश्यकता थी तब भी गिर्राज गौतम ने 5दिनों तक अनशन किया साथ ही किसानों ने सीएडी कार्यालय पर पड़ाव डाल दिया था और प्रशासन को नहरों में पानी छोडना पडा था नहरों में पानी प्रवाहित होने से क्षेत्र में लगभग 1लाख 50 हजार हेक्टेयर भूमि में लगी धान की फसल का फायदा होगा साथ ही लगभग 3 हजार करोड़ का आर्थिक चक्र घूमेगा। सभी किसान प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के सभी किसानों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर किसान नेता सूरजमल नागर, भंवर लाल चौधरी, पुष्पचंद गुर्जर, हरजिंदर सिंह, शुभम सैनी उपस्थित रहे।

# उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई आज

**झालावाड़,** (निसं)। आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके निस्तारण के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत माह के द्वितीय गुरूवार, आज प्रातः 11 बजे तहसील कार्यालय मनोहरथाना में कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

# 'कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण होगा'

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान का बजट 2024-25 को लेकर भाजपा नेता उत्साहित है। मंत्री मदन दिलावर, मंत्री हीरालाल नागर, भाजपा विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन नए बजट की सराहना की है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करता हुआ लोक कल्याणकारी बजट है। युवाओं, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों, सभी के हितों का ध्यान मे रखते हुए लोककल्याणारी बजट लाया गया है। इससे पूरे राजस्थान का समग्र विकास होगा। कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण होगा। कोटा में इलेक्ट्रिक बसें चलेगी। भजनलाल सरकार का बजट 2024-25, राजस्थान के समावेशी विकास के इंजन का फ्यूल होगा।

समृद्धि की गाड़ी, तरक्की की पटरी पर दौड़ेगी। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बजट प्रस्तुत करते समय कहा कि हमारी सरकार के दस संकल्प है- प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाना, पानी, बिजली, सडक का विकास, सुनियोजित शहरी विकास, किसानों का सशक्तिकरण, औद्योगिक विकास, विरासत भी, विकास भी की सोच के साथ धरोहर संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, सबके लिये स्वास्थ्य और मानव संसाधन विकास, वंचित परिवारों के लिये सामाजिक सुरक्षा, एवं गुड गवर्नेंस, परफॉर्म, रीफॉर्म और ट्रांसफॉर्म। युवाओं के लिये 5 सालों में 4 लाख भर्तियों की घोषणा की गयी है। विभिन्न क्षैत्रों में नयी भर्तियां होगी। 8वीं, 10वीं, 12 वीं में मेरिट में आने वाले स्टूडेंट्स को सरकार की तरफ से टैबलेट व इंटरनेट की सौगात।

डेढ लाख से ज्यादा युवाओं को स्किल डेवलमेंट की ट्रेनिंग दी जायेगी। रोडवेज में 1600 नई भर्ती होगी। रोडवेज के लिये 500 बसे खरीदी जायेगी। साथ ही 300 इलेक्ट्रिक बसें भी खरीदेगी सरकार। वहीं 800 बसे किराये पर ली जायेगी। कोटा शहर में चलेगी इलेक्ट्रिक बसें। अजमेर कोटा भरतपुर और उदयपुर सहित 10 जिलों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगें बस स्टेण्ड। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, महिला सशक्तिकरण के लिये 15 लाख महिलाओं के लिये लखपति दीदी योजना की घोषणा की गयी है।

■ बजट में युवा, किसान, महिलाओं, व्यापारियों सभी के हितों का ध्यान रखा

शहरी विकास के लिये बुनियादी सुविधाओं को विकसित किया जायेगा। नगरीय निकायों के बाजारों में बनेंगे बायो पिंक टॉयलेट बनेंगे।भाजपा की डबल इंजन सरकार में राजस्थान ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बन रहा है।

राजस्थान में एक जैसलमेर एवं एक पूगल में सोलर पार्क बनाये जायेंगे। सरकारी कार्यालयों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाये जायेंगे। 2 लाख घरों में बिजली कनेक्शन दिये जोयेंगे। पीएम सूर्य घर योजना के तहत आदर्श सौर ग्राम बनेगे। बिजली लिकेज रोकने के लिये स्मार्ट मिटर लगाये जायेगें।

जल जीवन मिशन के तहत 15 हजार करोड खर्च सरकार 25 लाख धरों में नल से जल पहुचाने का लक्ष्य रखा गया है। 5846 अतिरिक्त गांव को पेयजल अपलब्ध कराने के लिये 20 हजार करोड से ज्यादा की 6 परियोजनायें शुरू की जायेंगी। बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, और परिवहन व्यवस्थाओं का विस्तार होगा।राजस्थान में वोकल फोर लोकल के लिये, स्थानीय उत्पादों को बढावा देने के लिये राजस्थान में पीएम युनिटी मॉल बनेगा।

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत नई पॉलिसी लाई जायेगी। इसके लिये हर साल 100 करोड का बजट होगा।सीएनजी व विएशन फ्यूल पर लगने वाले वैट मे कमी की गयी है। अब इस पर 10 प्रतिशत वैट लगेगा।स्टांप ड्यूटी लगने वाले टैक्स को कम किया गया। किसानों को कृषि बिजली कनेक्शन के एग्रीमेंट , पर स्टांप ड्यूटी माफ होगी। संयुक्त स्वामित्व के अधीन गैर कृषि भूमि पर स्टांप ड्यूटी 6 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत की गयी। शहीद को मिलने वाले घर फ्लैटपर पंजीयन शुल्क पुरा माफ होगा। अधिक जनसंख्याभार वाले क्षैत्र में विक्रय पर स्टांप ड्यूटी 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत की गयी। हाउसिंग लोन के डेट असाइनमेंट पर स्टांप ड्यूटी की अधिकतम सीमा 15 लाख से घटाकर 1 लाख की गयी। पंजीयन शुल्क की अधिकतम सीमा 25 हजार रूपये होगी।5 लाख नये किसानों को ब्याज मुक्त ऋण दिया जायेगा।

इस बार 3500 करोड के शॉर्ट टर्म लोन बांटे जायेंगे। दीर्घकालिक कृषि ऋण के लिये बजट दोगुना कर 100 करोड का बजट रखा गया। समय पर कर्ज चुकाने वाले किसानों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा। राजस्थान में डिफेंस मैन्युफेक्चरिंग हब बनेगा। एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी लाई जायेगी।

टैक्सटराइल पॉलिसी और राजस्थान वेयर हाउसिंग पॉलिसी की भी बजट में घोषणा की गयी। इस साल राजस्थान इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव आयोजित होगा। हर जिले की प्रथम आवश्यकता और समस्याओं के निवारण के निये 500 करोड रूपये का प्रावधान करके डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना शुरू की गयी। प्रदेश में 150 करोड़ की लागत से शहरी क्षैत्र मे लाइब्रेरी एवं वाई फॉई कनेक्शन दिये जायेंगे। 150 करोड़ से बिजली की लाइनों को अंडरग्राउंड किया जायेगा। हर नगरी निकाय में 65 करोड़ की लागत से फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराई जायेगी।राजस्थान बजट 2024-25 में सभी वर्गो का पूरा ध्यान रखा गया है।


## कार्यालय (वि.) नगर निगम कोटा उत्तर (राज0)

क्रमांकः-ननिको उ./वि0/2024/329-335 दिनांक 09.07.2024

**-: पुनः ई - निविदा सूचना :-**

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा किसी भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में निम्न कार्य को करने वाले अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा पद्धती से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट www.kotamc.org, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(अनुमानित राशि 49.99 लाख रूपये)
NIB Code - DLB2425A0881
UBN - DLB2425WSRC02862

राज.संवाद/सी/24/2015

अधिशाषी अभियंता (वि.)
नगर निगम कोटा उत्तर

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां

क्रमांकः-नपबा/रुपा./2024-25/3784 **लोक सूचना** दिनांकः-09.07.2024

श्री अमरपाल पुत्र पांचुलाल जाति बैरवा निवासी गजनपुरा बारां जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (फार्म हाउस प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | गजनपुरा | 384 | 0.36 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.....को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां

## कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/1571 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांकः-09.07.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्डधारी/आवेदक श्री द्रगपाल सिंह पिता श्री होरीलाल पाल निवासी रावतभाटा ने आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा द्वारा नीलामी दिनांक 24.06.2011 के अन्तर्गत विक्रयशुद्धा आवासीय भूखण्ड संख्या 231 श्रेणी (LIG) साईज 6x15 क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर अर्थात 968.40 वर्गफीट बालाजी नगर आवासीय योजना रावतभाटा के पुनः विकय हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र चाहा गया है।

प्रस्तुत दस्तावेज एवं पत्रावली अनुसार यह भूखण्ड पालिका द्वारा नीलामी दिनांक 24.06.2011 अन्तर्गत आवेदक श्री द्रगपाल सिंह पिता श्री होरीलाल पाल निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया था, जिसकी लीज डीड इस मूल क्रेता के पक्ष में क्रमांक 27 दिनांक 14.09.2011 एवं पंजीयन 21.09.2011 से जारी की गई है।

चूंकि इस भूखण्ड पर विभागीय आदेशों के तहत निर्धारित समयावधि में भवन निर्माण नही किये जाने के कारण भूखण्ड वर्तमान में स्वतः निरस्त की श्रेणी में है, जिसका नियमन एवं बहाली विभागीय आदेशानुसार पुर्नग्रहण शुल्क वसूल किया जाकर एवं इस भूखण्ड के आवंटन/विक्रय को 10 वर्ष पूर्ण हो जाने के कारण पुनः विक्रय बाबत पूर्वानुमति आवश्यक नही होने से इस कार्यालय द्वारा अनापत्ति पत्र जारी किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

अतः उक्त आवासीय निर्मित भूखण्ड को पुनः विक्रय करने की पालिका द्वारा अनुमति दी जाने पर किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबुत के अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

## खोया पाया

कांति चौधरी पुत्री रामचंद्र चौधरी 2-G-3 तलवण्डी कोटा का निरस्तीकरण पत्र गुम हो गया है। किसी को मिलने पर सूचित करें।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति जिसकी पेमाइश 4503.87 वर्गफुट वाके योजना गुमानपुरा कोटा (राजस्थान) में स्थित हैं, उक्त सम्पत्ति को नगर निगम, कोटा दक्षिण द्वारा जरिये रजिस्टर्ड पट्टा विलेख (फ्री-होल्ड) क्रमांक 346 दिनांक 13.09.2022 जिसका पंजीयन दिनांक 15.09.2022 को श्री संदीप कोहली स्वयं व बहेसियत मुख्तार खास श्री राजीव कोहली, श्रीमती आशी कोहली, श्रीमती रश्मि प्रदीप एवं श्रीमती रेनू कोहली के पक्ष में हो रहा हैं, तत्पश्चात् श्री राजीव कोहली, श्रीमती आशा कोहली, श्रीमती रश्मि प्रदीप एवं श्रीमती रेनू कोहली ने जरिये रजिस्टर्ड मुख्तार आम दिनांक 15.09.2023 का संदीप कोहली के पक्ष में कर दिया, उक्त सम्पत्ति जिसकी पैमाइश 4503.87 वर्गफुट में से एक दुकान संख्या-3, ग्राउण्ड फ्लोर (मय छत के अधिकार के) जिसकी पेमाइश 479.532 वर्गफुट को श्री संदीप कोहली मुख्तार आम श्री राजीव कोहली, श्रीमती आशा कोहली कथूरिया, श्रीमती रश्मि प्रदीप एवं श्रीमती रेनू कोहली ने बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र दिनांक 11.10.2023 का श्री जितेन्द्र कुमार मलकानी के पक्ष में कर दिया, जिस बाबतु मेरे अभिभाष्य श्री जितेन्द्र कुमार मलकानी वित्तीय संस्था HDB Financial Services Ltd. से ऋण ले रहे हैं, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालीकाना हक स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

For SRM Partners
दिनांक 09.07.2024 Kota, M.: 7737426847

## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत कोटा

क्रमांक : 2626 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 09.07.2024

श्री भंवरलाल जोशी पुत्र श्री रामनाथ जोशी द्वारा राजस्थान के वर्तमान एवं भूतपूर्व माननीय सांसदो/विधायकों हेतु विशिष्ठ पंजीकरण योजना वर्ष 2006 के अन्तर्गत चालान संख्या 003/2006 के द्वारा 60,000/- रू जमा करवाकर उच्च आय वर्ग में कोटा शहर हेतु पंजीकरण करवाया गया था। मण्डल द्वारा आवेदक की वरियता 05/जी-5/ओ.आर.एस./एच.आई.जी./2006 निर्धारित की गई। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री भंवरलाल जोशी की मृत्यु दिनांक 17.06.2023 को हो चुकी है। मृतक के अन्य वारिसानों में (1) श्रीमती सुशीला शर्मा पुत्री स्व. श्री भंवर लाल जोशी, (2) ओम प्रकाश जोशी एवं श्री सत्यनारायण जोशी पुत्रान् स्व. श्री भंवर लाल जोशी द्वारा उक्त पंजीकरण में निहीत अपने हिस्से का त्याग जरीये घोषणा पत्र आलेखित कर श्रीमती सुनीता सनाढ्य पत्नी श्री हेमन्त सनाढ्य पुत्री स्व. श्री भंवर लाल जोशी के पक्ष में किया गया। श्रीमती सुनीता सनाढ्य पत्नी श्री हेमन्त सनाढ्य पुत्री स्व. श्री भंवर लाल जोशी द्वारा शपथ पत्र, घोषणा पत्र, क्षतिपूर्ति बधंक पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त पंजीकरण का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त पंजीकरण का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन शपथ पत्र, घोषणा पत्र, क्षतिपूर्ति बधंक पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती सुनीता सनाढ्य पत्नी श्री हेमन्त सनाढ्य पुत्री स्व. श्री भंवर लाल जोशी के नाम करने में किसी भी पक्षकार/ व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त पंजीकरण का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन श्रीमती सुनीता सनाढ्य पत्नी श्री हेमन्त सनाढ्य पुत्री स्व. श्री भंवर लाल जोशी के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त पंजीकरण का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन श्रीमती सुनीता सनाढ्य पत्नी श्री हेमन्त सनाढ्य पुत्री स्व. श्री भंवर लाल जोशी के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत कोटा

## विधिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दिनेश पांचाल व विकास पांचाल पुत्र सुरेश पांचाल निवासी-ग्राम किशनपुरा तकिया तह. लाडपुरा कोटा के आधिपत्य व स्वामित्व का एक मकान ग्राम किशनपुरा तकिया तह. लाडपुरा कोटा में स्थित है। जिसका पट्टा का ग्राम पंचायत किशनपुरा तकिया द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में दिनांक 03.01.2022 को जर्ये पट्टा नं. 01456 से जारी किया था, यह कि उक्त मूल पट्टा मेरे पक्षकारों से कही गुम हो गया है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी संबंधित पुलिस थाने में दिनांक 05.07.2024 को करवा दी गई है, जिसका एल आर नम्बर 2227206/2024 है। यह कि उक्त सम्पत्ति पर ग्राम पंचायत किशनपुरा तकिया द्वारा द्वितीय प्रति/डुप्लीकेट पट्टा नं. 01494 दिनांक 21.08.2023 को जारी कर दिया गया है, जिसका पंजीयन मेरे पक्षकारों के पक्ष में उपपंजीयक कोटा में दिनांक 11.10.2023 को हो रहा है, यह कि उक्त मकान को मेरे पक्षकारा द्वारा चोला मंडलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड शाखा कोटा में रहन रख कर ऋण लिया जा रहा है।

यह कि उक्त मकान को चोला मंडलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड शाखा कोटा द्वारा रहन रखकर ऋण देने के संबंध में यदि किसी आम व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर-भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति दर्ज करा देवें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक : 10.07.2024

अजय शर्मा एडवोकेट
मकान नं. 1031, 1032,
सुभाष नगर द्वितीय, कोटा (राज.)
मो. 7073030526, 8239229798

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक : LU2012/KOT/2024